ज्ञानदीप

(त्रैमासिक सूचना पत्र)

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे – 411 001

आई. एस. ओ. : 9001 प्रमाणित भारतीय रेल का

प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान

संस्थान – डी ओ टी (020) 26122271, 26123436 26123680, 26113455
रेलवे – 55222, 55862

छात्रावास – डी ओ टी (020) 26130579, 26126816 26121669
रेलवे – 53101, 53102, 253103

फैक्स: 020-26128677
रेलवे: 55860,
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
टेलीग्राम: रेलपथ
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 13 | अंक – 49 | जनवरी – मार्च 2009

इस अंक में

1. इरिसेन का स्वर्ण जयंती समारोह
2. आई.पी.डब्ल्यू.ई.(आई.) सेमिनार
3. गणतंत्र दिवस समारोह
4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 102वीं बैठक
5. आई.एस.ओ. 9001-2000 प्रमाणीकरण 2री लेखा – परीक्षा
6. क्षेत्रीय रेलों के सि. इंजी. प्र. केन्द्रों के प्राचार्यों की बैठक
7. मु.सा.इं., मु.यो.डि.इं.ए, मु.इं. (कार्य) का सेमिनार
8. अन्य पाठ्यक्रम
9. उपलब्धियां
10. विदाई
11. बधाई / शुभकामनाएं
12. शब्द ज्ञान
13. कविता

1. इरिसेन का स्वर्ण जयंती समारोह

इरिसेन ने इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ कदम दर कदम बढते हुए प्रशिक्षण की 50 वर्ष की अवधि पार कर 19 **मार्च,** 2009 को अविस्मरणीय **स्वर्ण जयंती समारोह** धूमधाम से मनाया। समारोह में अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए।

माननीय श्री एस.के.विज, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड समारोह के मुख्य अतिथि थे। अतिथियों में श्री राकेश चोपड़ा, महाप्रबंधक, दक्षिण रेल, श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक (नि.), पूर्वोत्तर सीमांत रेल, श्री एस.के.मलिक, अ.स. (सि.इंजी.), श्री एम.वी.बसरूर, से.नि. अध्यक्ष रे.बो., श्री एस. पी. एस. जैन, से.नि.सदस्य इंजी., श्री सुधीर चंद्रा, से.नि.स. (कार्मिक), रे.बो., श्री आर. राजामणि, से.नि.मु.रे.सं.आ., श्री बुध प्रकाश, से.नि.म.प्र., उ.म.रे.एवं प्र.नि.,कच्छ रेलवे कॉ.लि., श्री वी.के.जे.राणे, से.नि.,प्र.नि., इरकॉन, डॉ. एम.शेषगिरि राव, से.नि.प्र.नि., राइट्स, श्री एस.एच.बाबू, से.नि.म.प्र. द.रे., श्री एम.एस.एकबोटे, से.नि.अपर सदस्य, (सि.इंजी.) रे.बो., श्री वाय.जी.पटवर्धन, से.नि.मु.इंजी., प.रेल, श्री एन.रामा.सुब्रह्मण्यम,से.नि.म.प्र., श्री जी. एन. फड्के, से.नि. म.प्र. (नि.) पू.सी. रेल, एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। श्री ए.के.गोयल, निदेशक, इरिसेन ने मंच पर आसीन सभी सम्माननीय सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अन्य सभी सम्माननीय अतिथियों का स्वागत संकाय सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

इन सभी गणमान्य के अलावा, 1959 में इस संस्थान के पहले बैच में प्रशिक्षित 9 प्रशिक्षु अधिकारियों में से एक तथा बाद में इसी संस्थान के 7 वर्ष तक प्राचार्य पद को गौरवान्वित करने वाले विशेष रुप से आमंत्रित श्री पी.ओ.थॉमस का इस अवसर पर सदस्य इंजीनियरिंग श्री एस.के.विज द्वारा शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। भावविभोर करने वाले हृदयस्पर्शी दृश्य में सभा भवन में उपस्थित सभी सदस्यों ने खड़े होकर इनके सम्मान में तालियां बजाई। इरिसेन के इतिहास में यह एक यादगार पल बन गया । कार्यक्रम में भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के 1982 बैच के अधिकारियों, वर्ष 2008 में संपन्न समेकित पाठ्यक्रमों के उत्कृष्ट प्रशिक्षु अधिकारियों तथा वर्ष



दाएं से श्री ए.के.गोयल, निदेशक,इरिसेन, श्री एस.के.विज सदस्य, इंजीनियरिंग, रे.बो., श्री.राकेश चोपड़ा, म.प्र.द.रे.व श्री शिव कुमार, म.प्र.(नि.), पू.सी.रेल. एवं मंच संचालक व.प्रा.श्री पी.के.गर्ग, रेलपथ–2



श्री एस.के.विज सदस्य इंजीनियरिंग, रे.बो., श्री पी.ओ.थॉमस, को शॉल एवं श्रीफल भेंट करते हुए

संरक्षक
ए. के. गोयल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
मनोज अरोरा
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक, ट्रैक मशीन

संपादक
अरुणाभा ठाकुर
राजभाषा अधीक्षक

2004 बैच के उत्कृष्ट परिवीक्षार्थी अधिकारियों को पुरस्कार/स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए। श्री मोहित वर्मा, सहा.मं.इंजी., दुर्गापुर, पूर्व रेलवे को उत्कृष्ट परिवीक्षार्थी पदक तथा आर.के.जैन–रोलिंग शील्ड, श्री सौरभ मिश्रा, का.का. इंजी. रेलपथ मशीन, मुगलसराय, पूर्व रेलवे को इरकॉन स्वर्ण पदक एवं वी.के.जे.राणे तथा चल शील्ड, श्री हर्ष कुमार, सहा.मं.इंजी., भरूच, प.रे. को आलोक जैन स्मृति रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई।



श्री एस.के .विज, स. इंजी., रे.बो.द्वारा पुस्तकें एवं सी.डी.का विमोचन साथ में हैं बाएं श्री ए.के.गोयल, निदेशक, इरिसेन एवं दाएं श्री राकेश चोपड़ा, म.प्र.द.रे. व श्री शिव कुमार, म.प्र.(नि.), पू.सी.रेल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री विज, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने संस्थान की 'स्मारिका' का विमोचन किया। साथ ही साथ **'इन्सपेक्शन, असेसमेंट, रिपेअर एंड रीट्रोफिटिंग ऑफ मेसनरी आर्च ब्रिज'** पर एक पुस्तक एवं हिंदी में अनुवादित तीन तकनीकी पुस्तकें **1. रेल जोडों की देखभाल, 2.जल आपूर्ति 3.वर्षाजल संचयन तथा फिल्म** (सीडी) **''कंक्रीट स्लीपर ट्रैक का अनुरक्षण–गैंगमैन की भूमिका''** का विमोचन माननीय मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा किया गया। श्री राकेश चोपड़ा, महाप्रबंधक, द.रेल ने 'इरिसेन जरनल'का विमोचन किया।

इरिसेन की पिछले 50 वर्षों की सजीव स्मृतियों की एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय सदस्य इंजीनियरिंग श्री एस.के.विज द्वारा किया गया।



श्री एस.के.विज, सदस्य इंजीनियरिंग, रे.बो., द्वारा फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन

तदुपरांत, भूली बिसरी यादों को आपस में बांटने के लिए एक सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें कुछ सेवानिवृत्त एवं कार्यकारी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभवों को सदस्यों के साथ बांटा।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एस.पी.एस.जैन, से.नि. सद.इंजी.एवं सह अध्यक्षता श्री एस.डी.लिमये, से.नि.मु.इंजी. कोंकण रेल ने की। इसमें भाग लेनेवाले अन्य अधिकारी थे श्री बी.एस.सुधीर कुमार, से.नि.स.(का.), श्री बुध प्रकाश, से.नि.म.प्र.उ.म.रेल, श्री राजामणि, से.नि.मु.रे.सं.आ., श्री वी.के.जे. राणे, से.नि.प्र.नि.इरकॉन, डॉ.एम.शेषगिरि राव से.नि.प्र.नि.राइट्स, श्री एस.एच.बाबू, से.नि.म.प्र. द. रेल श्री एम. एस. एकबोटे, से.नि.अ.स.(सि.इं.), रे.बो. श्री वाई. जी. पटवर्धन, से.नि.मु.इंजी. प.रेल, तथा श्री शिव कुमार, म.प्र.(नि.), पू.सी.रेल।

स्वर्ण जयंती दिवस को स्मरणोत्सव बनाने हेतु श्री राकेश चोपड़ा, म.प्र.द.रेल की अध्यक्षता तथा श्री ए.के.मलिक की सह अध्यक्षता में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के लिए निम्नलिखित विषयों पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया :

- इंजीनियरिंग विभाग में टीएचओडी की भूमिका सहित मुख्यालय एवं मंडलों में इंजीनियरिंग विभाग का पुनर्गठन
- इंजीनियरिंग विभाग में निरीक्षण प्रणाली की समीक्षा की आवश्यकता
- वर्ष 2012 तक रेलपथ के संपूर्ण यांत्रिकीकरण के लिए तैयारी की स्थिति

भारतीय रेल पर 25 वर्ष की सेवापूर्ण करने वाले 1982 बैच के रेलवे इंजीनियरों द्वारा उपरोक्त विषय पर पेपर प्रस्तुत किए गए। उनके द्वारा इन विषयों पर दिए गए सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण थे और मंच संचालकों द्वारा इसकी प्रशंसा की गई।



माननीय श्री एस.के.विज, स.इंजी., रे.बो. इरिसेन छात्रावास के पुनर्सज्जित कमरों का उद्घाटन करते हुए साथ में श्री ए.के.गोयल, निदेशक, इरिसेन

इरिसेन स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन के पहले माननीय श्री एस.के.विज, स.इंजी.,रे.बो. ने इरिसेन छात्रावास के करीब नए निर्माणाधीन ग्रीन बिल्डिंग के तल मंजिल का निरीक्षण किया। बिल्डिंग को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि भवन के मध्य का प्रांगण 4 मंजिल की उंचाई तक होगा जिसके गुंबद पारदर्शी होंगे ताकि इसमें प्रचूर मात्रा में नैसर्गिक प्रकाश एवं हवा की व्यवस्था हो सके। इसमें अधिक सक्षम इलेक्ट्रिक फिटिंग एवं एयर कंडिशनिंग सिस्टम का उपयोग, कम दबाव के वाटर फिक्स्चर, री–साइक्लिंग द्वारा उपयोग में लाए गए पानी का पुन: उपयोग, वर्षाजल संचयन जैसे प्रबंध होंगे। भारतीय रेल पर पहली ग्रीन बिल्डिंग होगी जिसे IGBC द्वारा प्लैटिनम या गोल्ड रेटिंग मिला हो। श्री विज,स.इंजी.रे.बो. ने छात्रावास के 8 आधुनिक सुविधाओं से लैस पुनर्सज्जित कमरों के विंग का भी उद्घाटन किया। इन कमरों में दी गई सुविधाओं की श्री विज ने सराहना की। स्वर्ण जयंती के इस अवसर पर संस्थान द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन हेतु श्री एस.के.विज, सदस्य इंजीनियरिंग ने रु. 2,00,000/- के सामूहिक पुरस्कार की घोषणा की।

2. आई.पी.डब्ल्यु.ई.(आई.) सेमिनार

दिनांक 8 एवं 9 जनवरी को मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर के पास रवींद्र नाट्य मंदिर, प्रभादेवी, दादर (पश्चिम) में ''हाई स्पीड कोरीडोर एंड हाई स्पीड ऑन एक्जिस्टिंग नेटवर्क'' पर आयोजित आईपीडब्ल्युई (आई) सेमिनार में इरिसेन ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। माननीय रेल राज्यमंत्री (उ.) श्री नारनभाई जे.राठवा द्वारा उद्घाटित समारोह में इरिसेन द्वारा प्रकाशित ''विजन ऑफ हाई स्पीड रेल कॉरीडोर्स इन इंडिया'' पर नए पुस्तक का विमोचन किया गया। तकनीकी प्रदर्शनी में संस्थान द्वारा प्रकाशित विभिन्न तकनीकी पुस्तकें, फिल्में एवं ई–लर्निंग सीडी को दिखाने के लिए इरिसेन का स्टॉल लगाया गया था। आगंतुकों ने इसमें उत्सुकता दिखाई, जिसके परिणाम



इरिसेन की भूली विसरी यादों में उपस्थित सदस्य



इरिसेन द्वारा लगाए स्टॉल का दृश्य

स्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक विक्री (लगभग रु. 57,000-) हुई। आगंतुकों में संपूर्ण विवरण के साथ एक रंगीन कैटलॉग वितरित किया गया। नए संस्थान भवन, नए खेलकूद संकुल इत्यादि के साथ इरिसेन में विभिन्न सुविधाओं के बारे में प्रचार–प्रसार भी किया गया। इरिसेन संकाय सदस्यों व्दारा दो पेपर भी प्रस्तुत किए गए जो निम्नानुसार है :

क्र.सं.	विषय	लेखक
1	हाई स्पीड कॉरीडोर ऑन इंडियन रेलवे– पीपीपी मॉडल	श्री ए.के.गोयल निदेशक, इरिसेन
2	कंसिडरेशन फॉर ब्रिज फॉर हाई स्पीड	श्री अजय गोयल व.प्रा. पुल–I इरिसेन

3. गणतंत्र दिवस समारोह



गणतंत्र दिवस पर निदेशक श्री ए.के.गोयल व्दारा ध्वजारोहण

26 जनवरी, 2009 को इरिसेन में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। ध्वजारोहण के अवसर पर संस्थान के सभी संकाय सदस्य एवं उनके परिवार तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। निदेशक श्री ए. के. गोयल ने सर्वप्रथम ध्वाजारोहण किया और उपस्थित भीड. को संबोधित किया। तत्पश्चात, इरिसेन के संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों व्दारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 102 वीं. बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 102वीं बैठक का दृश्य

दिनांक 27 जनवरी, 09 को इरिसेन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 102वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी। श्री मनोज अरोरा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, ट्रैक मशीन ने भी सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं निदेशक ने समेकित पाठयक्रम के आरंभ में दिए जानेवाले व्याख्यान टिप्पणियों का अनुवाद कार्य करने पर जोर दिया तथा हिंदी में कार्य करने को बढ़ावा देने पर बल दिया। तकनीकी पुस्तकें एवं तकनीकी फिल्मों के हिंदी रुपांतरण पर भी अध्यक्ष महोदय ने विशेष जोर देते हुए कहा कि इनके हिंदीकरण से निचले स्तर के तकनीकी कर्मचारी लाभान्वित होंगे। बैठक सार्थक रही।

5. आई.एस.ओ.9001-2000 प्रमाणीकरण 2री लेखा परीक्षा

मेसर्स डी.एन.वी., पुणे की प्रमाणित निकाय व्दारा आई.एस.ओ. 9001-2000 प्रमाणीकरण के लिए दिनांक 02.02.2009 को इरिसेन की 2री निगरानी लेखा परीक्षा का आयोजन किया गया। लेखा परीक्षकों व्दारा लेखा परीक्षा के दौरान कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं दी गई थी। इरिसेन व्दारा किए गए सुधार की लेखा परीक्षकों ने सराहना की।

6. क्षेत्रीय रेलों के सि.इंजी.प्र. केन्द्रों के प्राचार्यों की बैठक

इरिसेन में दिनांक 8 एवं 9 जनवरी 2009 को क्षेत्रीय रेलों के सिविल इंजीनियरिंग प्रशिक्षण केन्द्रों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। भिन्न–भिन्न स्थानों के सि.इंजी. प्रशिक्षण केन्द्रों के प्राचार्य, उप प्राचार्य सहित 27 प्रतिभागियों ने बैठक में हिस्सा लिया तथा सामान्य विषयों पर विचार विमर्श किया। बैठक अत्यंत सार्थक रही।

7. मु.सा.इं., मु.यो.डि.इं., मु.इं.(कार्य) का सेमिनार



मु.सा.इं., मु.यो.डि.इं., सि.इंजी.(कार्य) अधिकारिंयों के सेमिनार का दृश्य

इरिसेन में दिनांक 29 एवं 30 जनवरी 2009 को मु.सा.इं., मु.यो.डि.इं., मु.इंजी.(कार्य) का सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार के दौरान वर्क्स प्रोग्राम इत्यादि विषय पर विचार विमर्श किया गया। भिन्न–भिन्न विषयों पर निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण दिए गए : मु.इं.(कार्य), द.म.रे.द्वारा 'आइटम्स रिक्वायरिंग सीई टाइप ड्राईंग एंड प्लान्स,' कार्यकारी निदेशक लखनऊ द्वारा 'स्टैंडर्डाइजेशन ऑफ पैसेंजर अमेनिटीज आयटम्स,' सीपीडीई मध्य रेल व्दारा 'नीड फॉर एडिक्वेट प्लानिंग इनक्लूडिंग वर्क्स इन वर्क्स प्रोग्राम लॉ बुक,' वरिष्ठ प्राध्यापक कार्य, इरिसेन द्वारा 'क्लबिंग ऑफ वर्क्स इन रेलवे,' मु.इं.(योजना), प.रे. द्वारा 'मेटेनेन्स ऑफ हेरिटेज बिल्डिंग', मु.इं., द.रेल द्वारा 'डिले इन अप्वाइंटमेंट ऑफ आर्किट्रेटर्स एंड पब्लिशिंग अवार्ड्स,' प्राध्यापक ट्रैक मशीन, इरिसेन द्वारा 'न्यू कंसेप्ट ऑफ ग्रीन बिल्डिंग', निदेशक (कार्य), अ.अ.मा.सं., लखनऊ द्वारा 'कन्सेप्ट ऑफ वर्ल्ड क्लास स्टेशन' इत्यादि।

8. अन्य पाठ्यक्रम

- 05 से 09 जनवरी, 09 तक 'भूमि प्रबंधन, मॉडर्न बिल्डिंग, बिल्डिंग सामग्री' पर विशेष पाठ्यक्रम।
- 12 से 23 जनवरी, 09 तक 'प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण' (पुल एवं कार्य माड्युल) पर विशेष पाठ्यक्रम।
- 19 से 23 जनवरी, 09 तक 'यूएसएफडी टेस्टिंग, वेल्डिंग एवं रेल ग्राइंडिंग, ट्रैक मॉनिटरिंग एवं हाई स्पीड तथा हैवी हाउल' पर विशेष पाठ्यक्रम।
- 27 से 30 जनवरी, 09 तक 'रेलवे फार्मेशन एवं भू–तकनीकी जांच' पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 02 से 06 फरवरी, 09 तक 'रेलपथ मशीन एवं छोटी रेलपथ मशीन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष पाठ्यक्रम ' ।
- 16 से 20 फरवरी, 09 तक 'पुल एवं आर्च ब्रिज के निरीक्षण' पर विशेष पाठ्यक्रम।
- 16 से 27 फरवरी, 09 तक वरिष्ठ व्यावसायिक उन्नत पाठ्यक्रम।
- 23 से 27 मार्च, 09 तक ब्रिज एवं स्ट्रक्चर के रीट्रोफिटिंग पर विशेष पाठ्यक्रम।

9. उपलब्धियां



श्री एन. आर. काले, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड से पुरस्कार ग्रहण करते हुए

दिनांक 16 मार्च, 09 को रेलवे बोर्ड स्तर पर आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड द्वारा रेल मंत्रालय, राजभाषा विभाग राजभाषा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना–2007 के अंतर्गत संस्थान के **श्री एन.आर. काले, सहायक कार्यकारी इंजीनियर –1** तथा **श्री गौतम श्रीपति, प्राधान लिपिक** को रु. 1500/- की नकद राशि के साथ प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। संस्थान दोनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती है।

10. विदाई

श्री बबन मारूती उभे, फिटर ग्रेड–I, 28 फरवरी, 09 को रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए। आपने संस्थान में लगभग 26 वर्ष की लंबी रेल सेवा का सफर तय किया है। संस्थान आपकी सुखद एवं शांतिपूर्ण जीवनयापन की कामना करता है।

11. बधाई, शुभकामनाएं

अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई :

18 अप्रैल – श्री अरुण चांदोलीकर, सह प्राध्यापक
30 अप्रैल – श्री के.नारायण, निजी सचिव, निदे.
02 जून – श्री अजय गोयल, व. प्रा. पुल –I
02 जून – श्री पी.के.गर्ग, व.प्रा.रेलपथ – 2
04 जून – श्री सुरेश गुप्ता, संकाय अध्यक्ष

अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

06 अप्रैल – श्री आर.एल.वासनिक, स.मं.वि.प्र.
01 मई – श्री अरुण चांदोलीकर, सह प्राध्यापक
17 जून – श्री नरेश लालवानी, व.प्रा. पूल 2
30 जून – श्री ए.के. गोयल , निदेशक

कर्मचारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

01 अप्रैल – श्री जनार्दन अर्जुन तावडे, खलासी, श्री पापा दादू मोरे,खलासी
06 अप्रैल – श्री धोंडीराम जगन्नाथ, खलासी हेल्पर
09 अप्रैल – श्री वसंत कुमार, सहायक ग्रंथपाल
21 अप्रैल – श्री सिद्धार्थ कालूराम, प्रवर खलासी
28 अप्रैल – श्री अनंत वसंत दसरे, सेक्शन इंजी. अनुरक्षण
04 मई – श्री महेन्द्र मलकप्पा,अवर लिपिक
10 मई – श्री मिलिंद कांबले, खलासी
12 मई – श्री चंद्रकांत लिंबाजी, रेलपथ मिस्त्री
13 मइ – श्री एम. पेच्ची, सहायक रसोइया III
18 मई – श्री सुनील पोफले, सेक्शन इंजीनियर
25 मई – श्री सदाशिव भाउ, खलासी
28 मई – श्री विश्वनाथ पवार, खलासी
01 जून – श्री के.पी.धुमाल, निजी, सचिव ग्रेड–2, श्रीमती जयंती दंडपाणि, कार्यालय अधीक्षक–II, श्री शिवाजी तावड़े, तकनीशियन, श्री नागेश गवंडी, मास्टर क्राफ्ट्समैन, श्री रतन भोसले, तकनीशियन, श्री संभाजी यशवंत, तकनीशियन, श्री अंजनैया सिध्दप्पा, जेराक्स मशीन प्रचालक, श्री सुधीर जगन्नाथ, खलासी, श्री प्रकाश केरबा गायकवाड, कंप्यूटर परिचर, श्री यशवंत विनायक प्रवर खलासी, श्री परमेश्वर, खलासी, श्री सौदागर विनायक, खलासी हेल्पर, श्री बाबू इरप्पा भंडारी, खलासी, श्रीमती वनीता मुल्या, सफाईवाली
02 जून – श्री कालूराम जगताप, प्र.लि., श्री आनंद डी. कांबले, अ.लि., श्री किसन बी.मोरे, प्रवर खलासी
04 जून – श्री रुपेश बबन, खलासी, श्री मूर्तिजा बेग, मोटर चालक–ग्रेड1, श्री नरेश मोहन चव्हाण, खलासी
06 जून – श्री बी.जी.घाटे, छात्रवास अधीक्षक
08 जून – श्री वेल मुरुगन, खलासी
09 जून – श्री नंदू बलवंत, खलासी
10 जून – श्रीमती अरुणाभा ठाकुर, राज.अधी. , श्री विठ्ठल कालूराम, खलासी
14 जून – श्री जगदीश रामू, सफाईवाला
15 जून – श्री गणेश श्रीनिवासन, निजी सचिव
18 जून – श्री शंकर बापू पुरी, मोटर चालक – 2, श्री गोंविद राजन, अवर लिपीक
19 जून – श्री केरबा गायकवाड, खलासी
30 जून – श्री अशोक पोलके राज.सहा.-I, श्री विलास काशीनाथ, खलासी हेल्पर

कर्मचारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

02 अप्रैल – श्री किसन बी.मोरे, प्रवर खलासी
11 अप्रैल – श्री शेखलाल मौला, दफ्तरी
17 अप्रैल – श्री सुंदरलाल तुलाराम, खलासी
19 अप्रैल – श्रीमती विद्या धानेकर, कार्यालय अधीक्षक (भंडार)
20 अप्रैल – श्री मुर्तिजा बेग, मोटर चालक
21 अप्रैल – श्री लवप्रकाश श्रीवास्तव, खेलकूद अधी., प्रशिक्षण अनुसंधान सहा.
25 अप्रैल – श्री विलास तावडे, खलासी
27 अप्रैल – श्री नागेश गवंडी, मास्टर क्राफ्ट्समैन
29 अप्रैल – श्रीमती गायत्री नायक, वरिष्ठ आशुलिपिक
30 अप्रैल – श्री शिरीष मोरे, तकनीशियन
01 मई – श्री संभाजी यशवंत, तकनीशियन
04 मई – श्री ललन शोभाराम, कारपेन्टर
05 मई – श्री विनायक नारायण सोहोनी,सेक्शन इंजीनियर – पुल
07 मई – श्री ए.डी.सातपुते, तकनीकी सहायक, छत्रावास
11 मई – श्री महेन्द्र मलकप्पा, अ.लि., श्री अशोक तुकाराम, प्र.खलासी, श्री बाबू इरप्पा भंडारी, खलासी
15 मई – श्री रोहिदास जागड़े, प्रवर लिपिक, श्री प्रकाश केरबा गायकवाड, कंप्यूटर परिचर, श्री जनार्दन अर्जुन तावड़े, खलासी
16 मई – श्री बी.जी.घाटे, छा.अधी. III, श्री रतन भोसले, तक., श्री केरबा गायकवाड, खलासी
17 मई – श्री रुपेश बबन, खलासी
19 मई – श्री चंद्रकांत लिंबाजी, रेलपथ मिस्त्री
20 मई – श्री सुनील पोफले, सेक्शन इंजीनियर
22 मई – श्री रमेश मोरे, प्रधान माली
26 मई – श्री जे.एम.पाटेकरी, सीनियर सेक्शन इंजी.
30 मई – श्रीमती उर्जिता एस.फडके , लेखा सहायक
02 जून – श्रीमती शांती सर्वनन, खलासी
04 जून – श्री प्रदीप तावड़े, तकनीशियन
05 जून – श्री विठ्ठल कालूराम, खलासी
09 जून – श्री सुनील आ.शिंदे, सेक्शन इंजीनियर प्रयोगशाला
14 जून – श्री वसंत कुमार, सहायक ग्रंथपाल
19 जून – श्री गणेश श्रीनिवासन, निजी सचिव, श्री के.के.आयजैक, प्रधान लिपिक
20 जून – श्री अनिल पद्मने, तकनीशियन
25 जून – श्री गौतम श्रीपती, प्रधान लिपिक

12. शब्द ज्ञान

Idle resources	निष्क्रिय संसाधन
Inadmissible	अस्वीकार्य, अग्राह्य
Ignorance	अनभिज्ञता
Incompetent	अक्षम
Ill - will	वैमनस्य
Incorporated	समाविष्ट
Immediate action	तत्काल कार्रवाई,अविलंब
Indiscipline	अनुशासनहीनता
Implemention	कार्यान्वयन,परिपालन
Irrivocable	अटल

13. कविता

एक छात्र के पिता से
अध्यापक जी ने शिकायत की
आपका बेटा कक्षा में बहुत शरारत करता है ।
यहां तक कि सदन के सारे मेज कुर्सी तोडता है ।।
बगैर बात जोर जोर से चिखता चिल्लाता है ।
कितना भी प्रयास करो, चुप तक नहीं होता है ।
मुझे तो इसका भविष्य अंधकारमय दिखता है ।
डॉक्टर–इंजीनियर बनाने की सोचना, सपना लगता है ।। 1
यह सुन, पिता मुस्कराया,
मन ही मन हर्षाया, और बोला –
मास्टर जी, आपकी बातों का सीधा मतलब निकल आता है ।
मुझे तो अपने बेटे का भविष्य उज्वल नजर आता है ।।
चाहे उसमें डॉक्टर– इंजीनियर सी प्रतिभा नजर न आए ।
मगर एक दिन, शायद इस देश का भावी नेता बन जाए ।।
किसी छोटे से सरकारी दफ्तर की शोभा न बढ़ा पाए ।
परंतु किसी विधान सभा या संसद की शोभा बढ़ाने लग जाए ।। 2

सौजन्य – संपत लोहार, कार्यपालक इंजीनियर (निर्माण)
पश्चिम रेल, अहमदाबाद

संसार में सबसे बड़ा दिवालिया वह है जिसने अपना उत्साह खो दिया है। चाहे उसका सब कुछ क्यों न चला गया हो, यदि उसने अपना उत्साह बचा लिया है तो वह मुसीबतों का मुकाबला कर फिर से सफलता प्राप्त कर लेगा। – एच.डब्ल्यु अरनॉल्ड

मनोज अरोरा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, ट्रैक मशीन, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे–1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित एवं मेसर्स, **कल्याणी कॉर्पोरेशन,** 1464, सदाशिव पेठ, पुणे– 30. फोन : 24486080 द्वारा मुद्रित। (3000 प्रतियां)